अनियमितता पर कुलपति ने जताई नाराजगी

रुड़की। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की वर्तमान में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के मद्देनजर विवि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने रुड़की क्षेत्र के संस्थानों ने तीन संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक संस्थान में अनियमितताएं मिलने पर नाराजगी जताई और कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बृहस्पतिवार को दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ हुई द्वितीय पाली की परीक्षाओं के दौरान रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरआईटी), आरसीई और फोनिक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने परिसर का भ्रमण करने पर संस्थान के परीक्षा कक्षों के नीचे पड़े कागजों को तत्काल साफ कराकर शुचिता से परीक्षा कराने के निर्देश दिए। संवाद